Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to probe alleged shoddy construction work on NH-24 (Bareilly-Sahjahanpur-Sitapur) and also construct a railway overbridge and an overbridge on the National Highway-laid.

श्री अरूण कुमार सागर (शाहजहाँपुर): मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर (उ.प्र.) के अंतर्गत बरेली-शाहजहांपुर-सीतापुर नेशनल हाईवे-24 का निर्माण कार्य चल रहा है । बरसात के दिनों में इस सड़क के निर्माण में कार्यदायी संस्था निर्माण सामग्री के लिए निर्धारित किए गए मानकों को दरकिनार करते हए कथित रूप से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करके केन्द्रीय निधि का भारी दुरूपयोग कर रही है ।

दूसरे, उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात को दृष्टिगत रखते हुए हुलास नगला के पास रेलवे ओवर ब्रिज और बरेली मोड, शाहजहांपुर मार्ग पर ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र करवाए जाने की आवश्यक है ।

मेरा सरकार से अनरोध है कि वह बरसात के दिनों में उक्त सड़क के निर्माण कार्य को अविलम्ब रोककर निर्माण कार्य में लगी सामग्री की गुणवत्ता की जांच केन्द्रीय तकनीकी समिति से करवाकर दोषी अभियंताओं के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए उक्त स्थलों पर ओवर ब्रिज बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए ।